एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

किराणा आडवाणी ने शुरू की इंदू की जवानी की शूटिंग

कुछ समय पहले ही शाहिद कपूर की फिल्म कबीर सिंह में जानदार एक्सप्रेशंस देने वाली ऐक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने अब अपनी अगली फिल्म इंदू की जवानी की शूटिंग शुरू कर दी है। कियारा ने यह जानकारी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट के जरिए दी है, जिसपर लिखा है, च्सद्बठ्ठस्त्रश्चयद्बछ्वड्डु2ड्डठ्ठद्ब शुरू हो चुकी है। फिल्म में कियारा इंदू गुप्ता के किरदार में नजर आएंगी, जो कि गाज़ियाबाद की एक दबंग लड़की है। अपनी इस फिल्म और किरदार के बारे में एक इंटरव्यू में बताते हुए कहा, फिल्म का कहानी में आज के समय का दौर है और यह काफी प्यारा किरदार है व हंसाने वाला किरदार है ज्उन्होंने कहा कि फिल्म की शुरुआत को लेकर वह काफी उत्साहित हैं। अबीर सेनगुप्ता की इस फिल्म में आदित्य सील लीड रोल में नजर आएंगे। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो कियारा गुड न्यूज में भी नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ होंगे अक्षय कुमार, करीना कपूर और दिलजीत दोसांझ। इसके अलावा लक्ष्मी बम में भी कियारा नजर आनेवाली हैं, जो अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फिल्म है।

एक बार फिर साथ दिखेंगे एक्स लवर्स रणबीर कपूर और कटरीना कैफ!

कभी लिव-इन में साथ रहे एक्स-लवर्स रणबीर कपूर और कटरीना कैफ साल 2016 में अपने ब्रेकअप के लिए काफी चर्चा में रहे थे। हालांकि बाद में दोनों ने ही इसको स्वीकार कर लिया और साथ में फिल्म जग्गा जासूस में भी दिखाई दिए थे। आज की तारीख में किसी भी इवेंट में दोनों के बीच दोनों के बीच अच्छे संबंध दिखाई देते हैं। हालांकि इनका रोमांटिक रिलेशनशिप तो खत्म हो गया है लेकिन फिर भी फैन्स इन्हें स्क्रीन पर एक साथ देखना चाहते हैं। अब हालिया रिपोर्ट की मानें तो दोनों को एक साथ देखे जाने की फैन्स की यह इच्छा जल्द ही पूरी होने जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों फिर एक प्रोजेक्ट में साथ दिखेंगे। हालांकि यह कोई फिल्म नहीं होगी बल्कि एक मोबाइल का विज्ञापन होगा। यह भी बताया जा रहा है कि इस विज्ञापन में रैपर बादशाह भी दिखाई देंगे। इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो रणबीर कपूर अब अपनी अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र में दिखाई देंगे। फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, डिंपल कपाड़िया, नागार्जुन और मौनी रॉय मुख्य भूमिकाओं में होंगे। दूसरी तरफ कटरीना रोहित शेट्टी की अगली फिल्म सूर्यवंशी में अक्षय के साथ दिखाई देंगी।

जाह्नवी कपूर ने पूरी की रूही अफजा की शूटिंग

राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर डायरेक्टर हार्दिक मेहता की फिल्म च्रूही अफजाज् में पहली बार एक साथ काम करेंगे। इस हॉरर-कॉमिडी फिल्म में जाह्नवी कपूर डबल रोल में नजर आएंगी। जान्हवी कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी। जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली गई है। फिल्म को मनाली, रुड़की और आगरा में शूट किया गया है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर के फैंस च्रूही अफजाज् में पहली बार दोनों को स्क्रीन शेयर करते देखेंगे। रूही अफजाज् में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर के अलावा वरुण शर्मा, पंकज त्रिपाठी, आमना शरीफ और रोनित रॉय भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे। यह फिल्म अगले साल 20 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म को दिनेश विजान और मृगदीप लांबा प्रड्यूस कर रहे हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि फिल्म में श्रद्धा कपूर को एक स्पेशल अपियरेंस में नजर आ सकती हैं। बता दें कि इससे पहले राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर हॉरर-कॉमिडी फिल्म च्स्त्रीज् में नजर आ चुके हैं।